दिनांक: 04.07.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्य के कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। आज जयपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने इस बात की पुष्टि की। श्री मीणा ने बताया कि उनका त्याग पत्र अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी, पार्टी और संगठन तथा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से किसी तरह की नाराजगी नहीं है। श्री मीणा ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव में पूर्वी राजस्थान की सीटों पर मिली हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए ये कदम उठाया है।

भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 148–डी की तकनीकी खामियां दूर करने का आग्रह किया। श्री अग्रवाल ने बताया कि इस राजमार्ग पर जहाज़पुर उपखंड क्षेत्र के पीपलुन्द चौराहे पर ब्लैक स्पॉट होने के कारण आए दिन हादसे होते हैं। ऐसे में सड़क की तकनीकी खामियां जल्द दूर करना जरूरी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने ज़ीका वायरस को लेकर राज्यों को परामर्श जारी किया है। महाराष्ट्र में इस वायरस के मामले सामने आने के बाद ये एडवाइजरी जारी की गयी है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने राज्यों को स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा उन्होंने चिकित्सा संस्थान परिसरों को एडीज़ मच्छर से मुक्त रखने के लिए कार्रवाई करने पर ज़ोर दिया।

स्वामी विवेकानन्द की आज पुण्यतिथि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी की शिक्षाएँ लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं। इधर, स्वामी विवेकानन्द के निर्वाण दिवस पर कोटपूतली–बहरोड़ में भी विभिन्न आयोजन रखे गये हैं।

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप विजेता, पुरूषों की भारतीय टीम आज मुंबई में विक्ट्री परेड में हिस्सा लेगी। बारबडोस से आज सुबह दिल्ली पहुंचने पर टीम का शानदार स्वागत हुआ। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर बड़ी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ जुटी और उन्होंने उत्साह से खिलाड़ियों की अगुवाई की। मुंबई रवाना होने से पहले भारतीय दल आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात करने पहुंचा।

प्रदेश के हज यात्रियों के पहले जत्थे की वापसी आज होने जा रही है। 433 यात्रियों की पहली उड़ान आज आ रही है। हज आगमन की उड़ानें 11 जुलाई तक जेद्दा से जयपुर तक संचालित होंगी। इनके जरिये कुल 3 हजार 900 यात्री जयपुर पहुंचेंगे। हज के मुकद्दस सफर से लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए आठ इमीग्रेशन काउंटर और मनी एक्सचेंज सहित विभिन्न इंतजाम किये गये हैं।

जयपुर में कल से गहनों और रंगीन रत्नों की प्रदर्शनी – जस शुरू होने जा रही है। ज्वैलर्स एसोसिएशन ऑफ जयपुर की ओर से होने वाली ये प्रदर्शनी सीतापुरा के जेईसीसी में तीन दिन चलेगी। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि शो में हिस्सा लेने के लिए दुनियाभर के करीब डेढ़ हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। इस दौरान 275 स्टॉल्स लगाये जाएंगे। प्रदर्शनी में इस बार जयपुर की कुंदन–मीना पोलकी के जड़ाऊ गहने आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मॉनसून सक्रिय हो गया है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम बरसात हुई। जयपुर में 10 सेंटीमीटर पानी बरसा। यहां कल शाम से शुरू हुआ बारिश का दौर आज भी रुक–रुक कर जारी है। वहीं बहरोड़, अलवर, देवल, कोटपूतली और जमवारामगढ़ में पिछले 24 घंटों में नौ–नौ सेंटीमीटर बारिश हुई।
इसके अलावा उदयपुर, धौलपुर, सीकर, भरतपुर, करौली, झालावाड़, झुंझुनूं, भीलवाड़ा और अजमेर सहित अन्य स्थानों पर भी अच्छी वर्षा हुई। नागौर, चूरू और सवाईमाधोपुर सहित कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। दौसा में कल शाम कुछ देर मूसलाधार बरसात हुई। अभी भी रिमझिम बारिश का दौर बना हुआ है। इस बीच, तेज गर्मी और उमस के साथ श्रीगंगानगर में कल अधिकतम तापमान 44 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज और कल जयपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर और उदयपुर संभाग में कई जगह वहीं बीकानेर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं बारिश के आसार हैं।